भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 973

उत्तर देने की तारीख : 08.02.2024

# मुद्रा ऋण

973. श्री एस. रामलिंगम :

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य, विशेषकर मइलादुथरई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों आर अन्य पिछड़े वर्गों (एससी/एसटी/ओबीसी), महिलाओं और नए उद्यमियों को स्वीकृत और संवितरित किए गए मुद्रा ऋणों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मइलादुथरई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को दी जा रही सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) मइलादुथरई निर्वाचन क्षेत्र में सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत स्थापित सामान्य सुविधा केन्द्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मइलादुथरई निर्वाचन क्षेत्र में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) के अंतर्गत लाभार्थियों का और उन्हें प्रदान किए गए लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) : वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय द्वारा दी गई सूचना के अनुसार दिनांक 08.04.2015 को प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) को सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) अर्थात अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) द्वारा 10 लाख रुपये तक कोलेटरल मुक्त ऋण प्रदान करने हेतु लॉन्च की गई थी।

कोई भी व्यक्ति, जो अन्यथा ऋण लेने के लिए पात्र है और उसके पास लघु व्यवसाय उद्यम के लिए कोई व्यवसाय योजना है, तीन ऋण श्रेणियों अर्थात् शिशु (50,000/- रुपये तक का ऋण), किशोर (50,000/- रुपये से अधिक और 5 लाख रुपये तक का ऋण) और तरूण (5 लाख रुपये से अधिक और 10 लाख रुपये तक का ऋण) में कृषि से संबद्ध गतिविधियों सहित विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए इस योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है। इस योजना को देशभर में लागू किया जा रहा है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान मइलादुथुराई संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तमिलनाडु राज्य में पीएमएमवाई के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (एससी/एसटी/ओबीसी), महिलाओं और नए उद्यमियों को दिए गए ऋण का जिलावार ब्यौरा अनुबंध- I में संलग्न है।

(ग) : सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के तहत एमएसएमई मंत्रालय ने तमिलनाडु के कुंभकोणम जो मयिलादुथुराई संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, में स्टेनलेस स्टील क्लस्टर में एक सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) स्थापित करने में सहायता की है। यह सीएफसी 126.30 लाख रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ स्थापित किया गया है, जिसमें भारत सरकार का 98.83 लाख रुपए अनुदान का भी शामिल है। यह सीएफसी पूर्ण और क्रियाशील हो चुका है ।

(घ) : सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना में दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सीजीटीएमएसई अपनी सदस्य ऋण प्रदाता संस्थाओं (एमएलआई) को उन ऋणों के लिए क्रेडिट गारंटी उपलब्ध कराता है जो उनके द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दिए जाते हैं। सीजीटीएमएसई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 31.01.2024 तक मइलादुथुराई निर्वाचन क्षेत्र में लाभार्थियों को 333 करोड़ रुपये की कुल 4,002 गारंटी प्रदान की गई है।

*****

अनुबंध-I

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 973, जिसका उत्तर दिनांक 08.02.2024 को दिया जाना है, के भाग (क और ख) से संदर्भित अनुबंध**

**दिनांक 01.04.2018 से 26.01.2024 तक की अवधि के लिए तमिलनाडु राज्य में प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का जिला-वार/श्रेणी-वार विवरण**

(राशि करोड़ रु. में)

| | | एससी | | | एसटी | | | ओबीसी | | | महिला उद्यमी | | | नए उद्यमी/खाते | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/जिला | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | वितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | वितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | वितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | वितरित राशि | ऋण खातों की संख्या | स्वीकृत राशि | वितरित राशि |
| | तमिलनाडु | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | अरियालूर | 25,491 | 122.81 | 121.94 | 3,412 | 17.28 | 17.13 | 67,890 | 378.20 | 372.70 | 1,68,541 | 717.70 | 711.45 | 76,550 | 388.66 | 383.07 |
| 2 | चेंगलपेट | 36,318 | 218.96 | 218.60 | 3,516 | 23.81 | 23.73 | 51,931 | 421.72 | 421.32 | 1,34,499 | 815.63 | 814.19 | 47,561 | 315.33 | 314.30 |
| 3 | चेन्नई | 2,20,935 | 955.92 | 952.83 | 17,506 | 85.64 | 85.50 | 3,03,514 | 1,835.61 | 1,819.05 | 12,37,997 | 5,707.95 | 5,664.46 | 10,31,501 | 6,291.79 | 6,201.16 |
| 4 | कोयंबटूर | 70,247 | 318.38 | 316.79 | 13,024 | 62.04 | 61.87 | 2,84,189 | 1,848.55 | 1,829.50 | 8,73,293 | 4,166.30 | 4,129.39 | 2,48,896 | 2,808.43 | 2,743.56 |
| 5 | कुड्डालोर | 2,07,915 | 956.91 | 953.45 | 31,131 | 129.17 | 128.92 | 4,08,469 | 1,913.32 | 1,898.19 | 10,29,113 | 4,381.91 | 4,355.77 | 3,02,813 | 1,519.04 | 1,491.59 |
| 6 | धर्मपुरी | 64,829 | 353.52 | 351.71 | 8,871 | 59.77 | 59.23 | 1,25,290 | 1,085.43 | 1,072.20 | 2,88,768 | 1,547.36 | 1,535.66 | 63,327 | 852.08 | 836.77 |
| 7 | डिंडीगुल | 45,698 | 256.22 | 254.87 | 4,307 | 20.31 | 20.10 | 1,27,148 | 767.12 | 760.92 | 4,86,886 | 2,263.63 | 2,245.77 | 1,27,393 | 983.46 | 968.45 |
| 8 | इरोड | 78,803 | 327.88 | 327.20 | 9,285 | 38.16 | 38.04 | 1,62,411 | 1,024.87 | 1,016.84 | 5,99,763 | 2,680.76 | 2,666.77 | 1,72,098 | 1,413.84 | 1,389.90 |
| 9 | कल्लाकुरिची | 20,891 | 116.86 | 116.13 | 1,373 | 11.27 | 10.94 | 29,639 | 229.43 | 224.64 | 1,18,301 | 668.10 | 662.30 | 35,225 | 266.40 | 261.52 |
| 10 | कांचीपुरम | 1,92,931 | 865.99 | 862.49 | 57,701 | 249.39 | 248.95 | 2,93,309 | 1,654.06 | 1,635.76 | 10,51,364 | 5,090.31 | 5,058.94 | 3,22,433 | 2,454.73 | 2,400.17 |
| 11 | कन्याकुमारी | 33,383 | 157.95 | 157.25 | 8,260 | 42.00 | 41.94 | 1,95,537 | 1,211.55 | 1,201.22 | 3,82,555 | 2,155.33 | 2,143.80 | 78,130 | 970.70 | 952.90 |
| 12 | करूर | 14,348 | 79.06 | 78.48 | 1,417 | 8.45 | 8.41 | 26,407 | 257.98 | 251.14 | 1,50,200 | 775.59 | 764.20 | 70,780 | 536.32 | 524.99 |
| 13 | कृष्णागिरी | 43,183 | 349.76 | 348.42 | 10,073 | 72.31 | 72.03 | 1,34,750 | 1,433.78 | 1,416.31 | 2,68,763 | 1,841.83 | 1,826.28 | 90,352 | 1,254.50 | 1,236.32 |
| 14 | मदुरै | 48,218 | 284.69 | 280.80 | 6,230 | 29.45 | 29.29 | 2,60,458 | 1,504.05 | 1,480.65 | 7,17,097 | 3,462.92 | 3,427.32 | 2,06,173 | 1,835.64 | 1,791.38 |
| 15 | माइलादुत्रयी | **12,068** | **94.79** | **94.77** | **233** | **1.88** | **1.87** | **14,447** | **95.24** | **95.19** | **55,712** | **350.67** | **350.58** | **8,339** | **57.91** | **57.81** |
| 16 | नागपट्टिनम | 1,06,386 | 467.34 | 465.43 | 4,569 | 19.96 | 19.84 | 1,82,107 | 804.25 | 797.52 | 5,68,276 | 2,396.35 | 2,384.34 | 1,96,759 | 992.95 | 983.35 |
| 17 | नमक्कल | 76,684 | 351.39 | 349.78 | 13,615 | 68.41 | 66.95 | 1,58,435 | 1,178.33 | 1,166.36 | 3,74,134 | 1,945.24 | 1,930.98 | 1,13,739 | 1,182.00 | 1,161.31 |
| 18 | नीलगिरी | 77,073 | 378.42 | 377.41 | 5,525 | 23.38 | 23.24 | 71,454 | 368.51 | 364.68 | 1,53,597 | 697.74 | 692.85 | 17,006 | 241.02 | 229.64 |
| 19 | पेरम्बलूर | 13,588 | 76.61 | 72.60 | 376 | 3.55 | 3.39 | 28,733 | 205.47 | 195.48 | 1,05,344 | 534.86 | 515.53 | 56,351 | 432.87 | 421.95 |
| 20 | पुदुक्कोट्टई | 34,914 | 158.77 | 156.79 | 4,931 | 19.59 | 19.47 | 1,22,183 | 646.11 | 637.26 | 3,11,470 | 1,451.75 | 1,437.86 | 1,02,384 | 711.06 | 698.33 |
| 21 | रामनाथपुरम | 34,851 | 202.61 | 202.01 | 4,735 | 32.26 | 19.70 | 1,42,596 | 663.67 | 660.41 | 2,74,832 | 1,370.64 | 1,364.86 | 84,725 | 675.87 | 669.04 |
| 22 | रानीपेट | 13,543 | 80.51 | 80.03 | 617 | 5.55 | 5.46 | 29,699 | 203.58 | 202.57 | 64,256 | 360.47 | 358.16 | 19,466 | 199.01 | 196.51 |
| 23 | सलेम | 91,510 | 450.97 | 447.94 | 16,522 | 107.79 | 99.60 | 2,92,695 | 1,895.73 | 1,870.75 | 7,92,512 | 3,840.30 | 3,806.63 | 2,44,595 | 2,321.80 | 2,283.29 |
| 24 | शिवगंगा | 23,076 | 128.11 | 127.62 | 9,901 | 41.38 | 39.69 | 1,39,213 | 696.66 | 690.26 | 3,20,369 | 1,612.60 | 1,601.36 | 87,268 | 705.62 | 695.45 |
| 25 | तेनकासी | 5,658 | 35.32 | 35.24 | 751 | 5.49 | 5.48 | 24,439 | 161.17 | 160.72 | 83,276 | 431.84 | 430.82 | 17,086 | 123.92 | 123.10 |
| 26 | तंजावुर | 1,00,869 | 451.94 | 450.51 | 6,643 | 30.47 | 30.43 | 2,52,217 | 1,302.45 | 1,291.82 | 7,45,809 | 3,298.93 | 3,283.60 | 2,58,056 | 1,501.93 | 1,484.71 |
| 27 | थेनि | 30,334 | 190.02 | 188.47 | 3,390 | 14.30 | 14.25 | 1,35,403 | 722.04 | 715.65 | 3,19,073 | 1,443.65 | 1,435.22 | 69,967 | 529.87 | 516.93 |
| 28 | तिरुवल्लुर | 1,90,342 | 891.80 | 888.72 | 27,639 | 123.39 | 123.16 | 2,19,030 | 1,437.95 | 1,422.17 | 7,84,409 | 3,992.89 | 3,964.72 | 2,80,838 | 2,130.97 | 2,092.77 |
| 29 | थिरुवरुर | 1,35,553 | 592.41 | 590.29 | 14,670 | 54.30 | 54.22 | 1,90,132 | 830.30 | 824.87 | 5,72,514 | 2,398.55 | 2,390.23 | 1,31,445 | 654.78 | 646.04 |
| 30 | तूथुकुड़ी | 32,424 | 162.46 | 161.36 | 8,940 | 34.93 | 34.81 | 1,33,435 | 757.85 | 747.95 | 3,92,465 | 1,828.01 | 1,817.23 | 1,16,812 | 960.71 | 943.31 |
| 31 | तिरुचिरापल्ली | 1,22,994 | 488.88 | 479.93 | 49,853 | 185.70 | 184.22 | 3,76,216 | 1,964.99 | 1,928.39 | 12,28,258 | 4,976.02 | 4,937.81 | 7,67,321 | 5,191.57 | 5,149.04 |
| 32 | तिरुनेलवेली | 56,822 | 260.41 | 258.73 | 11,578 | 44.73 | 44.63 | 2,06,660 | 1,123.69 | 1,110.28 | 5,81,784 | 2,570.73 | 2,552.29 | 1,69,963 | 1,283.70 | 1,263.49 |
| 33 | Tirupattur | 35,814 | 213.08 | 213.03 | 2,128 | 14.77 | 14.52 | 45,851 | 308.40 | 308.30 | 77,674 | 426.73 | 426.18 | 18,594 | 129.13 | 128.76 |
| 34 | तिरुपूर | 44,301 | 215.99 | 215.46 | 7,449 | 31.91 | 31.83 | 1,01,380 | 721.75 | 712.19 | 4,07,217 | 1,957.82 | 1,944.09 | 1,09,111 | 1,208.22 | 1,176.00 |
| 35 | तिरुवन्नामलाई | 1,18,765 | 572.77 | 567.64 | 37,863 | 173.94 | 172.40 | 2,37,007 | 1,328.88 | 1,299.94 | 6,00,219 | 2,784.99 | 2,754.08 | 1,49,212 | 1,166.69 | 1,141.94 |
| 36 | वेल्लोर | 1,77,577 | 772.38 | 768.26 | 56,791 | 238.55 | 238.21 | 3,26,415 | 1,715.31 | 1,696.07 | 8,84,698 | 3,828.50 | 3,809.30 | 1,85,269 | 1,559.20 | 1,524.90 |
| 37 | विलुप्पुरम | 1,53,751 | 621.52 | 615.71 | 32,716 | 139.37 | 138.12 | 2,07,930 | 1,114.03 | 1,076.40 | 7,96,019 | 3,340.65 | 3,296.00 | 2,91,856 | 1,742.17 | 1,704.87 |
| 38 | विरुधुनगर | 39,762 | 225.93 | 224.85 | 8,944 | 38.17 | 38.14 | 1,60,293 | 956.79 | 948.88 | 3,96,592 | 1,757.76 | 1,747.12 | 1,23,411 | 1,018.13 | 1,001.38 |
| 39 | अन्य # | 2,50,975 | 1,510.22 | 1,510.20 | 7,065 | 56.35 | 56.34 | 4,64,577 | 3,242.63 | 3,241.62 | 54,92,501 | 24,544.02 | 24,544.02 | - | - | - |
| | **कुल** | **30,82,824** | **14,959.56** | **14,883.74** | **5,13,550** | **2,359.17** | **2,326.05** | **67,33,489** | **40,011.45** | **39,566.17** | **2,38,90,150** | **1,10,417.03** | **1,09,782.16** | **64,92,805** | **48,612.02** | **47,790.00** |
| | **अखिल भारतीय** | **5,59,88,591** | **2,22,937.77** | **2,19,813.52** | **2,00,50,397** | **84,522.11** | **83,036.58** | **9,05,07,811** | **4,50,078.49** | **4,40,689.55** | **22,25,69,181** | **9,49,829.88** | **9,34,063.39** | **6,00,26,400** | **6,11,951.07** | **5,87,415.56** |

#कुछ एनबीएफसी/एमएफआई का जिला-वार डेटा उपलब्ध नहीं है।

स्रोत: मुद्रा पोर्टल पर सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार